संख्या- 1/ 811/का-1-2013-13(4)/2013

प्रेषक,

राजीव कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,
समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

कार्मिक अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 14 नवम्बर, 2013

विषय :- विभागीय कार्यवाहियों तथा सेवानिवृत्तिक देयों के मामलों का निस्तारण ।

महोदय,

मुख्य सचिव के शासकीय पत्र संख्या-2661/31-2013-78/2013, दिनांक 31 अक्टूबर, 2013 (प्रति संलग्न) में यह अपेक्षा की गयी है कि विभागीय कार्यवाहियों तथा सेवानिवृत्तिक देयों से सम्बन्धित मामलों का विभागीय स्तर पर समयबद्ध निस्तारण न होने के कारण इनसे सम्बन्धित प्रकरण मा0 न्यायालयों में लम्बित रहते हैं । मुख्य सचिव द्वारा ऐसे प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं ।

तत्क्रम में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि आप अपने स्तर से मासिक रूप से विभागीय कार्यवाहियों तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों के मामलों की समीक्षा करें तथा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रत्येक माह की 07 तारीख तक विवरण निर्धारित संलग्न प्रारूप पर प्रस्तुत करें ।

(क) विभागीय कार्यवाहियों के लम्बित प्रकरण :
1. दिनांक 01 अप्रैल, 2010 से पूर्व संस्थित सभी विभागों में ऐसी विभागीय कार्यवाहियों की कुल संख्या, जो अभी भी अनिस्तारित है।
2. उक्त में से सबसे पुराने 10 प्रकरणों में कृत कार्यवाही की अद्यावधिक स्थिति सहित पूर्ण विवरण ।

(ख) सेवानिवृत्तिक देयों के लम्बित प्रकरण :
1. दिनांक 01 अप्रैल, 2010 से पूर्व सेवानिवृत्त सभी विभागों के ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों की कुल संख्या, जिनके प्रकरण अभी भी अनिस्तारित हैं।
2. उक्त में से सबसे पुराने 10 प्रकरणों में कृत कार्यवाही की अद्यावधिक स्थिति सहित पूर्ण विवरण।

संलग्नक : यथोक्त ।

भवदीय,

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव ।

संख्या-811(1)/का-1-2013-13(4)/2013, तद्दिनांक

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-
1. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष ।
3. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद ।
4. निदेशक, पेंशन निदेशालय, उ0प्र0 ।
5. निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 ।

आज्ञा से,

(एस0पी0 सिंह)
विशेष कार्याधिकारी ।

http://shasandesh.up.nic.in

प्रारूप

(संख्या-811/का-1-2013-13(4)/2013, दिनांक 14 नवम्बर, 2013 का संलग्नक)

विभाग का नाम-

क्र0सं0	कार्मिकों का समूह	01 अप्रैल,2010 से पूर्व की विभागीय कार्यवाही की स्थिति		01 अप्रैल, 2010 के पूर्व से सेवानिवृत्त अधिकारियों के सेवानिवृत्ति देयों की स्थिति	
		कुल लम्बित विभागीय कार्यवाहियों की संख्या (जो प्रश्नगत माह तक विचाराधीन है।)	इनमें निलम्बित कर्मचारियों की संख्या (जो प्रश्नगत माह तक निलम्बित है)	प्रश्नगत माह तक लम्बित प्रकरणों की संख्या	प्रश्नगत माह में निस्तारित प्रकरणों की संख्या
1.	क				
2.	ख				
3.	ग				
4.	घ				

नोट :-

1. विभागीय कार्यवाही, जिनमें सम्बन्धित कर्मी अब भी निलम्बित चल रहा हो, ऐसे 10 पुराने प्रकरणों का प्रत्येक विभाग संक्षेप में नैरेटिव फार्म में विवरण उपलब्ध करायेंगे।

2. सेवानिवृत्तिक देय के लम्बित 10 पुराने प्रकरणों का विवरण प्रत्येक विभाग नैरेटिव फार्म में विवरण उपलब्ध करायेंगे ।

3. समूह 'ग' व समूह 'घ' श्रेणी के कार्मिकों के सम्बंध में सम्बन्धित नियुक्ति प्राधिकारी भी अपने स्तर पर मासिक समीक्षा व अनुश्रवण करेंगे ।

4. समूह 'क' एवं समूह 'ख' के कार्मिकों के सम्बंध में सम्बन्धित प्रशासनिक विभाग के प्रमुख सचिव/सचिव अपने स्तर पर मासिक समीक्षा करेंगे तथा समूह 'ग' तथा 'घ' श्रेणी के कार्मिकों के सम्बंध में नियुक्ति प्राधिकारियों द्वारा जो समीक्षा की जा रही है उनका भी अनुश्रवण किया जायेगा ।

http://shasanadesh.up.nic.in